नई स्कूल स्वास्थ्य योजना 'सेहत' का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

5 सितिंबर, 2022 को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पंचकूला के सेक्टर-5 स्थिति इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य जाँच के लिये आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत एक नई स्कूल स्वास्थ्य योजना 'सेहत' का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- राज्यपाल ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य शिक्षक पुरस्कार समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 2020 व 2021 के प्रदेश के 93 शिक्षकों को सम्मानित भी किया।
- राज्यपाल ने कहा कि आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत एक नई स्कूल स्वास्थ्य योजना 'सेहत' शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत आगामी शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार 25 लाख स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी। जाँच में एकत्रित किये गए डाटा को ई-उपचार पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे किसी भी स्थान पर बच्चे का डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड उपलब्ध होगा।
- इस अवसर पर शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये अनेक कदम उठाए हैं। हरियाणा देश का ही नहीं, संभवत: विश्व का पहला प्रदेश है, जहाँ 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों और शिक्षकों को 5 लाख टैब नि:शुल्क प्रदान किये गए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-school-health-scheme-sehat